

न्यायालय माननीय राजस्व मण्डल म0प्र0 ग्वालियर म0प्र0

प्रकरण क्रमांक /2014 पुनरीक्षण R 3423-PBR/14

जिला - ग्वालियर

दिनांक 9-10-14 को श्री सुनील व्यास, अभि० द्वारा प्रस्तुत।

9-10-14
SO

(सुनील व्यास)

रामलाल सोनी पुत्र स्व0 श्री राधेश्याम सोनी, निवासी 18/1 रविन्द्रनाथ टैगोर मार्ग सिंधी धम्रशाला के सामने गली में, गीता कालोनी बुधवारैया उज्जैन म0प्र0

--- आवेदक

बनाम

म0प्र0शासन --- अनावेदक

पुनरीक्षण याचिका अन्तर्गत धारा 50 म0प्र0 भू राजस्व सहिता विरूद्ध आदेश दिनाक 12–9–2014 जो कि न्यायालय श्री ए0के0 श्रीवास्तव अपर आयुक्त ग्वालियर संभाग ग्वालियर द्वारा प्रकरण क्रमांक 808/12--13/अपील व उनवान रामलाल सोनी बनाम म0प्र0शासन मे पारित कर अपील खारिज की गई।

न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश–ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक R 3423– PBR / 14 जिला ग्वालियर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
8–1–2015	उभय पक्ष के विद्वान अभिभाषक द्वारा ग्राह्यता पर प्रस्तुत तर्कों पर विचार किया गया । अपर आयुक्त के आदेश दिनांक 12–9–2014 की सत्यप्रतिलिपि का अवलोकन किया गया । अपर आयुक्त के आदेश को देखने से स्पष्ट है कि प्रश्नाधीन भूमियां स्व. घासीलाल उर्फ घासीराम सोनी के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज थीं । स्व. घासीलाल की दिनांक 7–9–55 को मृत्यु हो गई, उनके दो पुत्र थे सीताराम एवं राधेश्याम । सीताराम की दिनांक 24–3–86 को एवं राधेश्याम की दिनांक 10–7–62 को मृत्यु हो गई । स्व. घासीलाल के स्थान पर स्व. सीताराम एवं स्व. राधेश्याम के नाम प्रश्नाधीन भूमियां राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं हुई । सीताराम अविवाहित मृत हुए एवं राधेश्याम के चार पुत्र रामलाल, चांदमल, यशवंत एवं महेश थे, इनमें से यशवंत, महेश एवं चांदमल का स्वर्गवास हो गया है केवल आवेदक रामलाल सोनी जीवित है, और उसके द्वारा लगभग 57 वर्ष पश्चात प्रश्नाधीन भूमियों पर नामांतरण की मांग की गई, जबकि इतने वर्षों तक नामांतरण की मांग नहीं करने से प्रश्नाधीन भूमियों के संबंध में स्वत्व का प्रश्न निहित हो गया है, जिसके निराकरण का क्षेत्राधिकार राजस्व न्यायालयों को नहीं है । अतः अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा आवेदक का आवेदन पत्र निरस्त करने में प्रथम दृष्टया विधिसंगत कार्यवाही की गई है । फलस्वरूप यह निगरानी आधारहीन होने से अग्राह्य की जाती है । (स्वदीप सिंह) अध्यक्ष	9/1/15

... स्वामित्व पर दर्ज है, के नामां... जाति सुनार के